surplus quantities of rice straw and rice husk in the country.

उत्तर प्रदेश की श्रीनगर जल-विद्युत परियोजना के लिए विश्व बैंक से ऋण

3011. **श्री आनंद प्रकाश गौतम:** क्या **विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व बैंक ने उत्तर प्रदेश की श्रीनगर जल-विद्युत परियोजना के लिए कोई धनराशि मंजूर की है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में कितनी धनराशि मंजूर की गयी है;

(ग) उत्तर प्रदेश की इस परियोजना के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

(घ) उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक से इस योजना के लिए स्वीकृत की जा चुकी धनराशि के अलावा और कितनी अतिरिक्त धनराशि की मांग की है; और

(ड़) इस संबंध में केन्द्रीय सरकार क्या पहल कर रही है?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) और (ख) श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के लिए जुलाई, 1988 में विश्व बैंक द्वारा 223.9 मिलियन अमरीकी डालर की राशि का ऋण स्वीकृत किया गया है।

(ग) इस परियोजना की सभी छः यूनिटों को 1997-98 के दौरान चालू किए जाने की आशा है।

(घ) श्रीनगर जल विद्युत परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा पहले स्वीकृत किए गए ऋण के अलावा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि के लिए अनुरोध नहीं किया गया है।

(ड) प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान द्वारा बिजली की दरों में वृद्धि

3012. **श्रीमती वीणा वर्मा:**
श्रीमती बसंती शर्मा:

क्या **विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री 25 फरवरी, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 192 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रदाय संस्थान ने पिछले वर्ष बिजली की दरों में वृद्धि की थी;

(ख) यदि हां, तो इस वृद्धि के परिणामस्वरूप कितना अनुमानित लाभ होने का लक्ष्य रखा गया है; और

(ग) इस समय लाभ की प्रतिशतता क्या है?

विद्युत और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय): (क) से (ग) दिल्ली विद्युत प्रदाय संस्थान (डेसू) द्वारा 1.3.91 से विद्युत संबंधी टैरिफ में संशोधन किए जाने के परिणामस्वरूप इसके द्वारा वर्ष 1991-92 के बजट अनुमानों में 23.79 करोड़ रु० के अधिशेष का अनुमान लगाया गया है। निवेश संबंधी लागत में वृद्धि, उपभोक्ताओं द्वारा उपभोग संबंधी स्वरूप में परिवर्तन आदि के फलस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष में डेसू द्वारा अधिशेष अर्जित किए जाने की संभावना नहीं है।

Winding up of refuse In Incineration-Cum-Power-Generation Plant at Delhi

3013. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a refuse incineration-cum-power generation plant set up in North Delhi by a Danish firm never functioned since, 1987;

(b) if so, what are the reasons therefor; and

(c) what action has been taken by Government to recover the cost/ compensation from the Danish firm for its non-functioning?

THE MINISTERY OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER AND